मंगलायतन विश्वविद्यालय को मिला नैक ए प्लस ग्रेड

चर्चा में क्यों?

04 अप्रैल, 2023 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) ने ए प्लस **(NAAC A+)** ग्रेडिंग प्रदान की है।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि नैक की पाँच सदस्यीय टीम ने 22 से 24 फरवरी तक विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया था। टीम ने विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं अनुसंधान गुणवत्ता के साथ प्रशासनिक व ढाँचागत व्यवस्था का भी मूल्यांकन किया था और विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों एवं अभिभावकों के साथ ही स्टाफ के साथ बैठक कर चर्चा की थी एवं फीडबैक भी लिया था।
- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीके दशोरा ने बताया कि अक्टूबर 2022 में सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट (एसएसआर) नैक में सबमिट की गई थी।
- उल्लेखनीय है कि नैक मूल्यांकन किसी भी विश्वविद्यालय की गुणवत्ता जाँचने के लिये होता है। संस्थान द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिये आवेदन करना होता है, आवेदन करने के बाद नैक की टीम संस्थान का निरीक्षण करती है। टीम शैक्षणिक सुविधाएँ, अनुसंधान, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि व्यवस्थाओं के आधार पर रिपोर्ट तैयार करती है। इसी के आधार पर ग्रेड दिया जाता है।
- इसका काम देशभर के विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, निजी संस्थानों में गुणवत्ता को परखना और उनको रेटिंग देना है। नैक ग्रेडिंग से विद्यार्थियों को संस्थान का चयन करने में शिक्षा की व्यवस्था, अनुसंधान, बुनियादी ढाँचे के लिये बेहतर विकल्प की सुविधा मिलती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mangalayatan-university-got-naac-a-grade